कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# जागृति

वर्ष : 67 अंक : 06 मुंबई मई 2023



## केवीआईसी, पटोला साड़ी के लिए खादी संस्था या पीएमईजीपी इकाई स्थापित करने और बुनाई की इस सैकड़ों साल पुरानी कला की रक्षा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगा



खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

वर्ष : 67 अंक : 06 मुंबई मई 2023

# जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका


## सम्पादकीय मण्डल

अध्यक्ष
श्री विनीत कुमार

संपादक
एम. राजन बाबू

सह संपादक
संजीव पोसवाल

उप संपादक
सुबोध कुमार

डिजाईन व पृष्ठसज्जा

कलाकार
दिलीप पालकर

उप संपादक
सुबोध कुमार


प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण
कार्यक्रम निदेशालय द्वारा
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: kvicpub@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से
खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हों

## इस अंक में.....

**समाचार सार** 3 to 35

फ्लैगशिप "खादी भवन" कनॉट प्लेस ने 69वां स्थापना दिवस मनाया................3

खादी भवन के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर, माननीय अध्यक्ष, केवीआईसी ने सम्मानित कर्मचारियों को खादी के प्रति उनकी अपार सेवा के लिए..............4

पीएमईजीपी के तहत ऋण के माध्यम से छोटी इकाइयां स्थापित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान से जुड़े..................................................5

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100 वीं कड़ी के अवसर पर केवीआईसी ने हरियाणा के भिवानी के दुल्हेड़ी गांव में मन की बात की 98वें कड़ी के 'स्वच्छता के सिपाहियों' का सम्मान...........................7

केवीआईसी पटोला साड़ी के लिए खादी संस्था या पीएमईजीपी इकाई स्थापित करने और बुनाई की इस सैकड़ों साल पुरानी कला की रक्षा करने के लिए....................10

आयोग के अध्यक्ष द्वारा बनासकांठा में शहद मिशन के तहत कारीगरों की आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालकों को टूल किट वितरित........................................11

केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा जयपुर में खादी ग्रामोद्योग लाउंज, जयपुर...............13

खादी और वंचित ग्रामीण कारीगरों के समुदाय के विकास के उद्देश्य से, केवीआईसी की आयोग की 696 वीं बैठक, राजघाट कार्यालय, दिल्ली में..........................14

सचिव, एमएसएमई द्वारा बिहार की खादी संस्थाओं के विभिन्न मुद्दों, क्षेत्र स्तर की चुनौतियों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई........................................15

आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा राज्य कार्यालय, एमडीटीसी और खादी ग्रामोद्योग भवन, पटना का निरीक्षण........................................................15

राज्य कार्यालय, केरल ने त्रिवेन्द्रम में आयोजित जी-20 प्रदर्शनी में भाग लिया.......16

छत्तीसगढ़ की खादी संस्थाओं की बैठक...............................................16

दहाणू में बांस की वस्तुएं बनाने एवं पीएमईजीपी के तहत आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं रेडीमेड गारमेंट पर प्रशिक्षण..............................................................16

कोकोट्टाला में कताई केंद्र और बुनाई केंद्र का निरीक्षण ..................................16

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की खादी खरीदने की लगातार अपील के बाद राज्यों और क्षेत्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में हस्तनिर्मित पर्यावरणानुकूल खादी ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में तेजी आई....................................................................17

**सोशल मीडिया**.......................................................................17-23

जागृति
खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

# फ्लैगशिप "खादी भवन" कनॉट प्लेस ने 69वां स्थापना दिवस मनाया



नई दिल्ली के कनॉट प्लेस (सीपी) स्थित खादी भवन के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के परिणामस्वरूप खादी उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि का जश्न मनाया। खादी उत्पादों को खरीदने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न मंचों से जनता से अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल 2 अक्टूबर को, सीपी स्थित खादी भवन ने उस एक दिन 1.34 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करके एक दिन की बिक्री के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसके अतिरिक्त, 25 से अधिक वर्षों से खादी भवन में सेवा कर रहे 11 कर्मचारियों को भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया।

खादी भवन सीपी खादी प्रेमियों के लिए खरीदारी का स्वर्ग है। 1955 में इसकी स्थापना के बाद से देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से ग्राहक नियमित रूप से यहां आते रहे हैं। यह लोकप्रिय खादी भवन 700 से अधिक खादी ग्रामोद्योग संगठनों के लिए विपणन और बिक्री मंच प्रदान करता है।



श्री मनोज कुमार ने खादी भवन के ऐतिहासिक महत्व और भारत की राष्ट्रीय विरासत के रूप में इसकी मान्यता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस भवन की स्थापना का मूल उद्देश्य खादी ग्रामोद्योग संस्थानों, कारीगरों और इकाइयों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता प्रदान करना था। उन्होंने इस वर्ष आईएसओ 9001:2015 और 14001:2015 प्रमाणन प्राप्त करने के लिए खादी भवन की उपलब्धि की सराहना की, जिससे यह खादी का सबसे भरोसेमंद शोरूम बन गया।

नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन एक ऐसी इमारत है जिसमें खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की हर श्रेणी मौजूद है। 1955-56 में शोरूम का वार्षिक कारोबार 16.95 लाख रुपये था, जबकि वर्ष 2021-22 में यह 87 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




**खादी भवन के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर, माननीय अध्यक्ष, केवीआईसी ने सम्मानित कर्मचारियों को खादी के प्रति उनकी अपार सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए।**




खादी और ग्रामोद्योग से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। 'मेक इन इंडिया' के लिए खादी कर्मचारियों का समर्पण अद्भुत है।




# पीएमईजीपी के तहत ऋण के माध्यम से छोटी इकाइयां स्थापित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान से जुड़े

राजस्थान की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र - 'एक नौकरी तलाशने वाला बनने के बजाए नौकरी प्रदाता बने',का प्रसार करने के लिए कई कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भाग लिया। 20 अप्रैल को, जयपुर के सांसद, श्री रामचरण बोहरा और विभिन्न पंचायत समितियों के पंचायत समिति सदस्यों, सरपंच, खादी संस्थानों के प्रतिनिधियों और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) पर एक कार्यशाला आयोजित की गई और 21 अप्रैल को जयपुर के ददिया गांव में पीएमईजीपी के तहत एक जागरूकता शिविर आयोजित करके योजना के बारे में विस्तृत जानकारी सीधे लाभार्थियों के साथ साझा की गई|




20 अप्रैल को जयपुर के राज्य कार्यालय में आयोजित पीएमईजीपी कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद श्री रामचरण बोहरा ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग हर गांव को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है| सांसद ने विभिन्न पंचायत समितियों/विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये| इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए श्री मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र ने खादी को 'लोकल से ग्लोबल' बना दिया है।अब खादी सिर्फ फैशन का प्रतीक नहीं है बल्कि गरीबों के जीवन में बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने दोहराया कि देश के युवा पीएमईजीपी के माध्यम से कर्ज लेकर छोटी-छोटी






इकाइयां लगाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया करा सकते हैं।

20 अप्रैल को अपनी जयपुर यात्रा के दौरान खादी संवाद कार्यक्रम में अध्यक्ष केवीआईसी ने कहा कि खादी की बिक्री में सुधार के साथ-साथ प्रधानमंत्री के समर्पित दृष्टिकोण को पूरा करने और खादी कारीगरों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए केवीआईसी ने खादी के काम में लगे सभी श्रमिकों के वेतन में 1 अप्रैल से लगभग 35% की बढ़ोतरी की गई है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 2014 से खादी कारीगरों के वेतन में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है।" उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक खादी और ग्रामोद्योग के उत्पाद खरीदकर प्रत्येक भारतीय को 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

राजस्थान दौरे के दूसरे दिन, 21 अप्रैल को जयपुर के दादिया गांव में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा सांसद, जयपुर और अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में ही सांसद व अध्यक्ष केवीआईसी ने लाभार्थियों को ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराया। कैंप में करीब 70 से 80 आवेदकों ने आवेदन किया। 22 अप्रैल को अपने दौरे के तीसरे दिन, केवीआईसी के अध्यक्ष ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जयपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

राजस्थान दौरे के दूसरे दिन, 21 अप्रैल को जयपुर के दादिया गांव में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा सांसद, जयपुर और अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में ही सांसद व अध्यक्ष केवीआईसी ने लाभार्थियों को ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराया। कैंप में करीब 70 से 80 आवेदकों ने आवेदन किया। 22 अप्रैल को अपने दौरे के तीसरे दिन, केवीआईसी के अध्यक्ष ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जयपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। ❑❑



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी के अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने आज हरियाणा के भिवानी के दुल्हेड़ी गांव में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 'मन की बात' की 98वें कड़ी के 'स्वच्छता के सिपाहियों' का सम्मान करने और आम लोगों के बीच भारत सरकार की प्रमुख स्कीम 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' (पीएमईजीपी) के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया है।

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100 वीं कड़ी के अवसर पर केवीआईसी ने हरियाणा के भिवानी के दुल्हेड़ी गांव में मन की बात की 98वें कड़ी के 'स्वच्छता के सिपाहियों' का सम्मान करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने पीएमईजीपी जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विचार व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम ने खादी को आत्मनिर्भर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन युवाओं को 'केवल रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला' बनाने और अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनने का है। समीपवर्ती गांवों के 2,000 से ज्यादा लोगों ने इस जागरूकता शिविर में भाग लिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात की 98वीं कड़ी में हरियाणा के दुल्हेड़ी गांव के स्वच्छता सिपाहियों की प्रशंसा की थी। दुल्हेड़ी गांव के युवाओं ने युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति नामक एक संगठन का गठन किया था जिसने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों टन कचरा साफ किया था।

श्री मनोज कुमार ने दुल्हेड़ी गांव के सभी 'स्वच्छता सिपाहियों' को बधाई दी और पीएमईजीपी के साथ उनके क्षेत्र के अधिकतम युवाओं को जोड़कर रोजगार सृजन में योगदान देने





की अपील की।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ-साथ हरियाणा सरकार एवं बैंक के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जो पीएमईजीपी के बारे में जागरूकता फैलाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा उनके समुदायों के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में अत्यधिक सफल रहा।

प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें एपिसोड के उपलक्ष्य में खादी इण्डिया ने हरियाणा के भिवानी के दुल्हेड़ी गांव में 'मन की बात' के 98वें एपिसोड के 'स्वच्छता के सिपाहियों' के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मन की बात के ऐतिहासिक 100वें कार्यक्रम में भाग लेने वाले हरियाणा के भिवानी जिले के लोगों ने माननीय अध्यक्ष का सम्मान किया और बड़े उत्साह के साथ माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।



आयोग के अध्यक्ष के उद्दृत किया कि हरियाणा उत्साह से अद्भुत था! यहां महत्वाकांक्षी बच्चों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रतिष्ठित 'मन की बात' 100 वें एपिसोड को भिवानी जिले की जनता जनार्दन के साथ पूरा किया। केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार के नेतृत्व में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का विज़न, केवीआईसी के माध्यम से ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।









माननीय प्रधान मंत्री के ऐतिहासिक 'मन की बात' में पहचान पाने वाले भिवानी डिस्ट्रिक्ट, हरियाणा के युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं को आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने सम्मानित किया एवं 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले पीएम के 100 वें एपिसोड के कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय को आमंत्रण प्रदान किया।




आंध्रप्रदेश की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में कारीगरों और बुनकरों की आय में 104% की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2021-22 में रु.83.80 लाख की बिक्री से वर्ष 2022-23 में रु.168.72 लाख की बिक्री, समुदाय की आय में पिछले दशक में एक बड़ा बदलाव है।




आयोग ने राज्य स्तरीय प्रदर्शनी जयपुर में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 108% की वृद्धि हासिल की है। खादी के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निरंतर अपील के कारण वर्ष 2021-22 में बिक्री रु.51.70 लाख से बढ़कर वर्ष 2022-23 में रु.107.76 लाख हो गई है, जिससे कारीगरों की आय में व्यापक वृद्धि देखी गई है।

# केवीआईसी पटोला साड़ी के लिए खादी संस्था या पीएमईजीपी इकाई स्थापित करने और बुनाई की इस सैकड़ों साल पुरानी कला की रक्षा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगा



केवीआईसी के माननीय अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने दिनांक 18.04.2023 को पाटन, गुजरात में प्रसिद्ध पटोला साड़ी के लिए सहजता से काम करने वाले स्व-निर्मित पहली पीढ़ी के उद्यमी, इशाक भाई से मुलाकात की।

उन्होंने साल्वी से प्रशिक्षण लिया और अपने स्वयं का उद्यम शुरु किया। यह हर भारतीय के मन में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्टार्ट-अप इंडिया को स्थापित करता है।

केवीआईसी, पटोला साड़ी के लिए खादी संस्था या पीएमईजीपी इकाई स्थापित करने और बुनाई की इस सैकड़ों साल पुरानी कला की रक्षा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगा।

दिलचस्प बात यह है कि एक पटोला साड़ी को हथकरघा पर बुनने में लगभग 4 महीने लगते हैं और यह समर्पण अभी भी युवाओं को प्रेरित कर रही है। ❑❑





# आयोग के अध्यक्ष द्वारा बनासकांठा में शहद मिशन के तहत कारीगरों की आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालकों को टूल किट वितरित

माननीय अध्यक्ष के प्रयासों से केवीआईसी, कारीगरों और किसान भाइयों और बहनों की सेवा के लिए समर्पित है। आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार को कारीगरों के जीवन के बारे में बातचीत करना पसंद है और हम कैसे सभी प्रकार की सहायता से उनके जीवन को और अधिक मूल्यवान बना सकते हैं।

माननीय अध्यक्ष केवीआईसी ने दिनांक 18.042023 को गुजरात के बनासकांठा जिले के मडल गांव के कारीगरों और किसान समुदाय को संबोधित किया। गुजरात में हमें जो मुस्कुराहट और स्नेह मिला, उससे हम इन कारीगरों के बहुत आभारी हैं।

उन्होंने 18.04.2023 को केवीआईसी के शहद मिशन के तहत अधिक शहद उत्पादन करने और इसके माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालकों को टूल किट भी वितरित किए।

















**आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार दिनांक 18.04.2023 को केवीआईसी के शहद मिशन के अंतर्गत गुजरात के बनासकांठा जिले के मडल गांव के कारीगरों और किसान समुदाय को अधिक शहद उत्पादन करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खीपालकों को टूल किट वितरित किए।**




हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के लोगों को खादी खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास के परिणामस्वरूप तेलंगाना में कारीगरों की आय में 131% की वृद्धि के साथ खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 48.70 लाख से 112.63 लाख तक की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिससे कारीगर समुदाय को मदद मिली है।




मध्य प्रदेश केवीआईसी प्रदर्शनियों में खादी उत्पादों की बिक्री में आय में 547% प्रभावशाली वृद्धि के साथ कारीगरों की आय में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गयी

# केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा जयपुर में खादी ग्रामोद्योग लाउंज का निरीक्षण

**केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने स्थानीय लोगों और कारीगर समुदाय द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय कारीगरों एवं बुनकर समुदाय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के निरीक्षण के लिए जयपुर में खादी ग्रामोद्योग लाउंज का दौरा किया।**




माननीय सांसद श्री रामचरण बोहरा ने दिनांक 22.04.2023 को जयपुर में आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर में भी भाग लिया।

अध्यक्ष, केवीआईसी ने पीएमईजीपी के अंतर्गत रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए मुखरता के साथ कारीगरों के परिवार को संबोधित किया और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए।





**खादी और वंचित ग्रामीण कारीगरों के समुदाय के विकास के उद्देश्य से, केवीआईसी की आयोग की 696 वीं बैठक, राजघाट कार्यालय, दिल्ली में आयोजित की गई। आयोग के माननीय अध्यक्ष की देखरेख में, खादी के साथ भारत को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता को क्रियान्वित किया जा रहा है।**





**श्री जी. गुरुप्रसन्ना, उप. मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विदाई समारोह कार्यक्रम। खादी परिवार के प्रति उनके कालातीत योगदान के लिए केवीआईसी हमेशा उनका आभारी रहेगा और हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।**










## सचिव, एमएसएमई द्वारा बिहार की खादी संस्थाओं के विभिन्न मुद्दों, क्षेत्र स्तर की चुनौतियों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई

श्री बी.बी. स्वैन, सचिव, एमएसएमई, भारत सरकार और श्री विनीत कुमार मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केवीआईसी ने 2 अप्रैल, 2023 को राजगीर, जिला नालंदा (बिहार) में बिहार राज्य की खादी संस्थाओं के साथ बातचीत की। सचिव द्वारा खादी संस्थाओं के विभिन्न मुद्दों, क्षेत्र स्तर की चुनौतियों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उन्हें खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं का लाभ लेने हेतु मार्गदर्शन किया गया।

इसके समाधान हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बिहार राज्य की खादी संस्थाओं के सामने आने वाली ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए खादी संस्थाओं एवं राज्य कार्यालय की टीम को निर्देशित किया और एमएमडीए और आईसेक दावों को प्रस्तुत करने के लिए खादी संस्थाओं को हैंडहोल्डिंग सहायता बढ़ाने हेतु सुझाव दिया।

## आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा राज्य कार्यालय, एमडीटीसी और खादी ग्रामोद्योग भवन, पटना का निरीक्षण

श्री विनीत कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्वी क्षेत्र) के साथ 01 अप्रैल, 2023 को राज्य कार्यालय, केवीआईसी, एमडीटीसी और केजीबी, पटना का दौरा किया और सभी प्रतिष्ठानों की गतिविधियों की समीक्षा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एमडीटीसी, पटना के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं के साथ भी बातचीत की और केवीआई गतिविधियों के महत्वपूर्ण आउटपुट प्राप्त करने, खादी आधारित प्रशिक्षण आयोजित करने, अधोसंरचना के इष्टतम उपयोग आदि हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने परिसर में एक नारियल का पौधा भी लगाया। दिनांक 03 अप्रैल, 2023 को केंद्रीय पूनी संयंत्र, हाजीपुर की गतिविधियों की विशेष समीक्षा भी की गई।







# राज्य कार्यालय, केरल ने त्रिवेन्द्रम में आयोजित जी-20 प्रदर्शनी में भाग लिया



राज्य कार्यालय, केवीआईसी, त्रिवेन्द्रम ने 05 से 06 अप्रैल, 2023 तक त्रिवेन्द्रम में आयोजित जी-20 प्रदर्शनी में भाग लिया।

दिनांक 05.04.2023 को जी20 प्रदर्शनी, त्रिवेन्द्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने केवीआईसी स्टॉल का दौरा किया और श्री अंदावर, उप-निदेशक, प्रभारी, राज्य कार्यालय, त्रिवेन्द्रम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ की खादी संस्थाओं की बैठक



राज्य कार्यालय रायपुर में दिनांक 18.04.2023 को राज्य निदेशक की अध्यक्षता में प्रदेश की खादी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान वर्ष 2023-24 के लिये बजट, वर्कशेड, भण्डार नवीनीकरण, 01.04.2023 से कत्तिनों को कताई दर 10/- प्रति गुण्डी एवं बुनकरों की बुनाई दर में 20 प्रतिशत वृद्धि किये जाने की जानकारी देते हुए संशोधित कास्ट चार्ट बनाने हेतु कमेटी का गठन इस बैठक में किया गया। इसके अतिरिक्त एमएमडीए, आइसेक एवं अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में 18 खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, निफ्ट की फैशन डिजाइनर तथा राज्य कार्यालय रायपुर, खादी विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## दहाणू में बांस की वस्तुएं बनाने एवं पीएमईजीपी के तहत आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं रेडीमेड गारमेंट पर प्रशिक्षण







आयोग के गजानन नाईक बहु उद्देश्यीय प्रशिक्षण केन्द्र, दहाणू में बांस की वस्तुएं बनाने का पाठ्यक्रम आयोजित किया गया और केन्द्र के प्राचार्य ने प्रधानमंत्री रोजगार योजना स्कीम के अंतर्गत लगाई गई आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं रेडीमेड गारमेंट की इकाई का निरीक्षण किया

**माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की खादी खरीदने की लगातार अपील के बाद राज्यों और क्षेत्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में हस्तनिर्मित पर्यावरणानुकूल खादी ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2022-23 में पूरे भारत में कारीगरों और बुनकर समुदाय की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों में मध्य क्षेत्र का असाधारण प्रदर्शन दर्ज किया गया। बनारस, प्रयागराज और उत्तराखण्ड में भी हुआ हर घर तिरंगे का विस्तार।**














# गुजरात, मुंबई सहित पूरे पश्चिम क्षेत्र में हर जगह दिखा खादी का बढ़ता कारोबार, बुनकरों एवं कारीगरों के आय को मिली बढ़ती रफ़्तार।






**हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोगों को खादी खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास के परिणामस्वरूप, पूरे दक्षिण अंचल में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिससे कारीगर समुदाय के विकास में सहायता मिली है।**
















## देश के कोने-कोने में बिक रहे हैं खादी ग्रामोद्योग के उत्पाद, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल को करते हैं हम सभी धन्यवाद। पूरे पूर्व क्षेत्र में हर जगह दिखा खादी का बढ़ता कारोबार









**केवीआईसी प्रदर्शनियों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में बिक्री में भारी वृद्धि दर्ज की गई। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के वोकल फॉर लोकल ने हमारे लिए इतनी बड़ी संख्या हासिल करने हेतु संभव बनाया है और हमारे गांवों में कारीगर समुदाय को बढ़ने में सहायता किया है।**












## इस वित्तीय वर्ष में खादी ग्रामोद्योग के व्यापार में हुआ बड़ा उछाल, जिससे बुनकरों एवं कारीगरों को हुआ जम के मुनाफ़ा। केवीआईसी प्रदर्शनियों में उत्तर क्षेत्र में खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों की बिक्री में भारी वृद्धि दर्ज की गई।













Khadi India
विशुद्ध
खादी
ग्रामोद्योग
उत्पाद
खरीदने के लिए
विजिट करें
www.khadiindia.gov.in
VEDAMRITA
Spinach Soup
Pollen
Veg
BIRYANI
NECTAR FRESH
@kvicindia
@Chairmankvic
kvicindia
@kvicindia
@kvicindia
www.kvic.org.in